दिन– शनिवार दिनांक– 02 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त की राशि जारी की। लोगों से स्वदेशी का संकल्प लेने का आह्वान किया।

02. राजनीतिक दलों ने मतदाता सूची के प्रारूप पर पिछले चौबीस घंटों के दौरान किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज नहीं कराई।

03. निर्वाचन आयोग ने राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा उनका नाम प्रारूप सूची में शामिल नहीं होने के दावे का खंडन किया।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। जमुई के गिद्धौर में सबसे अधिक एक सौ पचासी मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त की राशि जारी की। श्री मोदी ने नौ करोड़ सत्तर लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में बीस हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। बिहार के लगभग चौहत्तर लाख किसानों के खाते में योजना की राशि भेजी गयी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक दशक में किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी मेहनत से काम किया है।

–––बाइट–––

आज यहां एक विराट किसान उत्सव का आयोजन हो रहा है। देश के दस करोड़ किसान भाईयों–बहनों के खातों में 21 हजार करोड़ रुपए पीएम किसान सम्मान नीधि के रूप में भेजे गये हैं और जब काशी से धन जाता है ना वो तो अपने आप प्रसाद बन जाता है।

श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना लागू की है। इस पर चौबीस हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें स्वदेशी का संकल्प लेना चाहिए। इससे जहां एक ओर किसानों और लघु उद्यमियों का सशक्तिकरण होगा वहीं, दूसरी ओर रोजगार के नये अवसर भी पैदा होंगे।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि आज वैश्विक अर्थव्यवस्था आशंकाओं से गुजर रही है और अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में भारत को अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना होगा।

–––बाइट–––

पटना में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर बिहार के किसानों ने देश में बनी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प लिया है, जो काफी सराहनीय है।

–––बाइट–––

श्री चौहान बाद में पटना स्थित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में किसानों के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए।

---

राजनीतिक दलों ने मतदाता सूची के प्रारूप पर पिछले चौबीस घंटों के दौरान किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। चुनाव आयोग ने कहा कि कल प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद से आज दिन के तीन बजे तक किसी भी राजनीतिक दल ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के तहत प्रारूप सूची में सुधार के लिए दावा–आपत्ति ली जा रही है। दावा आपत्ति की अंतिम तिथि एक सितम्बर तक निर्धारित है।

---

इस बीच, निर्वाचन आयोग ने राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के उस दावे का खंडन किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि उनका नाम प्रारूप सूची में शामिल नहीं है। पटना के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी त्याग राजन एस.एम. ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव का नाम पटना के पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के बूथ

संख्या– दो सौ चार पर दर्ज है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में साक्ष्य स्वरुप मतदाता सूची के उस भाग को भी सार्वजनिक किया गया है, जिसमें श्री यादव का नाम दर्ज है।

–––बाइट–––

---

तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा एसआईआर की प्रारूप सूची में नाम काटने के दावे के बाद राजीनतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि श्री यादव चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर झूठे आरोप लगाकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

–––बाइट–––

जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव बिना तथ्यों की राजनीति करते हैं। चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण के बाद कुछ कहना शेष नहीं रह जाता है।

–––बाइट–––

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि विपक्षी दल किसी न किसी बहाने पूरी पुनरीक्षण प्रक्रिया को बदनाम करना चाहते हैं।

–––बाइट–––

---

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान में लगे कर्मियों के मानदेय में बढ़ोत्तरी की है। अब बीएलओ को छह हजार रुपये की जगह बारह हजार रुपये वार्षिक मानदेय मिलेगा। वहीं, बीएलओ पर्यवेक्षक की वार्षिक मानदेय राशि बारह हजार रुपये से बढ़ाकर अठारह हजार रुपये कर दी गयी है। पहली बार निर्वाचक पंजीयक अधिकारी, ईआरओ और सहायक निर्वाचक पंजीयक अधिकारी, एईआरओ के लिए मानदेय की घोषणा की गयी है। ईआरओ को तीस हजार रुपये और एईआरओ को पच्चीस हजार रुपये वार्षिक मानदेय दिया जाएगा। इसके अलावा बीएलओ को मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर दो हजार रुपये करने की घोषणा की गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि बिहार में जारी एसआईआर में शामिल बीएलओ को अतिरिक्त छह हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

---

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकत्तर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान जमुई, लखीसराय, शेखपुरा और पटना जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश हुई है। जमुई के गिद्धौर में सबसे अधिक एक सौ पचासी मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों तक उत्तर–बिहार के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, मधुबनी और दरभंगा जिले में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

———बाइट———

इधर, शेखपुरा जिले के कसार थाना क्षेत्र अंतर्गत वरुनी गांव में आज वज्रपात की घटना में एक किसान की मौत हो गई।

---

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे संजय कुमार को बिपार्ड का नया अपर महानिदेशक बनाया गया है। वहीं, अरविंद कुमार वर्मा को मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग में विशेष सचिव पद की जिम्मेदारी दी गयी है। रचना पाटिल को वित्त विभाग में सचिव की जिम्मेदारी की गयी है।

---

मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर स्थित पुलिस लाइन के पास निर्माणाधीन गोदाम की शौचालय टंकी का शटरिंग खोलने के दौरान दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गयी। वहीं, एक अन्य की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

---

बेगूसराय जिले बछवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरली टोल प्लाजा के पास पुलिस ने एक अपराधी को एक सौ सत्तर कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

मुंगेर जिले के गंगटा थाना क्षेत्र के छोटी मंझगांय स्थित बगरा नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

---

सीतामढ़ी जिले के भूतही थाना क्षेत्र में ऑपरेशन–नया सवेरा के तहत मानव तस्करी निरोध इकाई ने बचपन बचाओ आंदोलन और स्थानीय पुलिस की मदद से दस बाल श्रमिकों को विभिन्न प्रतिष्ठानों से मुक्त कराया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त की राशि जारी की। लोगों से स्वदेशी का संकल्प लेने का आह्वान किया।

02. राजनीतिक दलों ने मतदाता सूची के प्रारूप पर पिछले चौबीस घंटों के दौरान किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज नहीं कराई।

03. निर्वाचन आयोग ने राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा उनका नाम प्रारूप सूची में शामिल नहीं होने के दावे का खंडन किया।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। जमुई के गिद्धौर में सबसे अधिक एक सौ पचासी मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।